पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———

राज्यपाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की बैठक सम्पन्न

———

शोध कार्यों को और अधिक बढ़ावा दिया जाय
–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———

लखनऊः 3 मार्च, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज बैंगलुरू, कर्नाटक में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल जी ने 59 प्रपत्रों के माध्यम से, विश्वविद्यालयों में भर्तियों (recruitment) के साथ–साथ कुलपति पद की नियुक्तियों में होने वाली पारदर्शिता, महिला अध्ययन, जियो टैगिंग, आंगनबाड़ी से जुड़े कार्यक्रमों, colleges के प्रोविजनल एक्ररीडेशन (provisional accredation), प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक आदि विषयों पर विश्वविद्यालयों में हुए परिवर्तनों जैसे अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालयों में शिक्षा संबंधी सभी कार्य मौलिक रुप से करने के साथ–साथ शोध कार्यों को और अधिक बढ़ावा देने पर बल दिया। नैक अधिकारियों ने राज्यपाल जी की बातों से सहमति जताते हुये प्रत्यायन में पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

बैठक के अंत में राज्यपाल जी ने सभी को यह संकल्प दिलाया की उत्तर प्रदेश नैक की प्रकिया में आगे रहने के हर सम्भव प्रयास करेगा ।

इस अवसर पर पं0 दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश सिंह, छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की कुलपति प्रो0 निर्मला मौर्या, एस.जी.पी.जी.आई, लखनऊ के निदेशक डा0 आर0के0 धीमन, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 ए0के0सिंह, नैक तथा उच्च शिक्षा के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

———

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (162/16)
सम्पर्क सूत्र
9453005360